भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1251

उत्तर देने की तारीख: 25.11.2019

विश्वविद्‌यालय अनुदान आयोग

1251. श्री अरूण सावः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि छत्तीसगढ़ में विश्वविद्‌यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के राज्य/क्षेत्रीय कार्यालय के अभाव में महाविद्‌यालयों के प्रस्तावों को क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल भेजा जाता है और महाविद्‌यालयों को राज्य की राजधानी से 700 कि॰मी॰ दूर उक्त कार्यालय से संपर्क साधने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का छत्तीसगढ़ में विश्वविद्‌यालय अनुदान आयोग का राज्य/क्षेत्रीय कार्यालय खोलने का विचार है;

(ग) क्या सरकार को इस संबंध में छत्तीसगढ़ सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्‌वारा इस पर क्या निर्णय लिया गया है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (ङ): वर्तमान में, विश्वविद्‌यालय अनुदान आयोग के पास महाविद्‌यालय क्षेत्र से संबंधित विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए हैदराबाद, पुणे, भोपाल, कोलकाता, गुवाहाटी, बंगलौर और दिल्ली में पहले ही सात क्षेत्रीय कार्यालय हैं। यूजीसी का भोपाल में स्थित क्षेत्रीय कायार्लय मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ राज्यों से संबंधित कार्यों को देखता है।

यूजीसी ने सूचित किया है कि वर्तमान में, छत्तीसगढ़ में क्षेत्रीय कार्यालय खोलने के लिए किसी प्रस्ताव पर कार्यवाई नहीं की जा रही है।

*****